# HAMIRPUR POLICE

थाना कोतवाली सदर  दिनाँक 02.11.2023

## मिशन शक्ति अभियान फेज– IV के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु थाना कोतवाली सदर की एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया

आज दिनांक 02.11.2023 को मिशन शक्ति अभियान फेज-IV के क्रम में थाना कोतवाली सदर की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत राजकीय महिला महाविद्यालय व विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जाकर बालिकाओं/महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

इसी क्रम में डायल ***112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112/ 1090/ 102/108/1098*** आदि से अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व महिलाओं/बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पैम्फलेट वितरित किये गए।







